हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 228 देहरादून, शुक्रवार, 03 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सम्मेलन राज्यों के लिए होते हैं उपयोगी : रेखा आर्या 3

# महिला बाल अपराध रोकने वाले कहलायेंगे ‘महिला सुरक्षा प्रहरी’ : मुख्यमंत्री धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मार्च : हम उस संस्कृति के साधक हैं जहां पुरुष की परिकल्पना नारी के बिना अधूरी मानी जाती है। हमारे यहां जहां एक ओर अर्धनारीश्वर की पूजा की जाती है वहीं दूसरी ओर मां जगदम्बा को इस सृष्टि का मूल माना जाता है, यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के शुभारंभ एवं ‘महिला भागीदारी को प्रोत्साहन’ में प्रतिभाग करते हुए कही।






मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध होने वाली मानसिक और शारीरिक हिंसा की घटनाओं को सक्षम स्तर पर सूचित करते हुए रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को महिला सुरक्षा प्रहरी के रूप में जाना जाएगा तथा मुख्यमंत्री द्वारा ऐसे व्यक्ति या समूह को विशेष अवसरों पर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने दूसरी घोषणा की कि समाज की कुरीति बाल विवाह की पूर्व सूचना पुलिस को देने वाले या रोकने का प्रयास करने वाले व्यक्ति या संस्था को दस हजार रुपये की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा तथा इन कार्यों में विशेष योगदान देने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास के ई-पेपर ‘अपनी वाणी’ का शुभारंभ किया एवं महिलाओं की आत्मरक्षा पर बनी लघु फिल्म का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को रोकने एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री ने देवभूमि उत्तराखण्ड की समस्त नारीशक्ति को नमन करते हुए महिला सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी समाज या राज्य की रीढ़, उसकी सशक्त महिलाएं ही हैं। यदि किसी राज्य की नारी शक्ति प्रगति कर रही है तो उस राज्य का विकास सुनिश्चित है, उसे कोई रोक नहीं सकता। उत्तराखंड के निर्माण में महिलाओं ने अपना विशेष योगदान दिया है। एक ओर जहां प्रदेश की मातृशक्ति ने पूरे समाज को विपरीत परिस्थितियों में जीना सिखाया, जूझना सिखाया, वहीं दूसरी ओर हर परिस्थिति में जितने भी सिखाया है। राष्ट्र-निर्माण में महिलाएं, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में कहा गया है जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। परंतु कालांतर में आक्रांताओं के प्रभाव के कारण समाज का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदल गया,इसका परिणाम महिलाओं के साथ किए जाने वाले अपराधों के रूप में सामने आया। परंतु अब समय आ गया है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों के मन में भय पैदा किया जाय। ऐसे लोगों को ऐसा दंड मिले कि ऐसा घृणित अपराध करने से पहले इसके परिणाम के बारे में सुनकर आपकी रूह कांप जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र तथा राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए मिलकर सभी प्रकार के प्रयत्न कर रही हैं। महिलाओं को होम-मेकर के साथ - साथ नेशन-मेकर के रूप में आगे बढ़ना होगा, तभी सही अर्थों में राष्ट्र का विकास संभव हो पायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा निरंतर प्रयास है कि महिलाओं के जीवन स्तर को जितना अधिक हो सके उतना ऊपर उठाया जा सके।

इसी प्रक्रिया के अंतर्गत राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही ‘मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना‘, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, मुख्यमंत्री आँचल अमृत योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्वयं सहायता समूहों को मजबूती प्रदान करने और पोषण अभियान जैसी योजनाएं प्रारंभ की हैं। शिक्षा का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो या फिर सामाजिक न्याय की बात हो, हर क्षेत्र में महिलाओं को शक्ति संपन्न बनाने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा बनाई जाने वाली नीतियों में महिलाएं हमेशा प्राथमिकता पर रही हैं। प्रधानमंत्री जी द्वारा उज्ज्वला योजना चलाई जा रही है, इसी कड़ी में राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के 01 लाख 76 हजार अंत्योदय कार्डधारकों को साल में तीन गैस सिलिण्डर मुफ्त दिये जा रहे हैं। राज्य सरकार प्रधानमंत्री जी द्वारा दिए गए मंत्र ‘बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ‘ को लेकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास कर रही है। हमारी बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, देश का नाम रोशन करें, यह हम सबका दायित्व है। पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं की राह को आसान करने के लिए सरकार ‘जल जीवन मिशन‘ योजना पर तेजी से काम कर रही है। हमारा लक्ष्य 2025 तक उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करना है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार को महाशक्ति का आशीर्वाद एवं समर्थन चाहिए।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। बेटी के पैदा होने पर महालक्ष्मी किट दी जा रही है। 12वीं पास करने पर नंदा-गौरा योजना के तहत बेटियों को 51 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है। विभाग द्वारा अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा सप्ताह के तहत विभाग द्वारा पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज महिला सुरक्षा एवं भागीदारी प्रोत्साहन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। द्वितीय दिवस में महिलाओं एवं बालिकाओं, विशेषकर अकुशल श्रमिक महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन एवं श्रम विभाग के साथ समन्वयन कर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। तृतीय दिवस मानव तस्करी एवं बाल विवाह निषेध सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर गृह विभाग के साथ समन्वयन कर जागरूकता अभियान चलाया जायेगा । चतुर्थ दिवस राज्य में संचालित सरकारी / निजी संस्थानों, प्रतिष्ठानों, उद्यमों, कार्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं विद्यालयों में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में गृह विभाग द्वारा “गौरा शक्ति एप“ एवं “कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न“ के कानूनी प्रावधानों से सम्बंधित जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया जायेगा।

पंचम दिवस में परिवहन विभाग द्वारा सार्वजनिक यातायात के साधनों, यथा-बसों, ऑटो, टैक्सियों पर आपातकालीन नम्बर-112, महिला हेल्पलाइन नंबर-1090, के साथ-साथ “मैं महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हूँ“ टैग लाईन का अंकन किया जायेगा। षष्ठम दिवस में महिला सशक्तिकरण हेतु अन्तर्विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में निराश्रित/एकल महिलाओं के उत्थान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला सशक्तीकरण एवं सुरक्षा सप्ताह एवं ‘महिला भागीदारी को प्रोत्साहन’ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह को रोकने एवं सामाजिक सरोकारों के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उक्त कार्यक्रम मे महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण, बाल विवाह को रोकने तथा सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु पुलिस विभाग से थाना रायपुर जनपद देहरादून मे नियुक्त महिला आरक्षी शोभा सेमवाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस



# धामी कैबिनेट बैठक मे राज्य आंदोलनकारियों का ख्याल रखते हुए इन बड़े फैसलों पर लगी मोहर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

3 मार्च : सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट बैठक मे कई महत्वपूर्ण फ़ैसले लेते हुए कुल तीस प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई, जिसके अंतर्गत राज्य आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव न आने से अधिकारियों को मुख्यमंत्री धामी की नाराज़गी का सामना करना पड़ा, इसके अलावा राज्य सरकार की सोलर नीति मे मुख्यमंत्री स्वरोज़गार संशोधन नीति को मंज़ूरी दी गई.



बैठक में राज्यपाल के अभिभाषण के साथ गैरसैंण में पेश किये जाने वाले बजट को भी स्वीकृति मिल गई, संभावना जताई जा रही है कि राज्य सरकार इस वर्ष सरप्लस बजट पेश कर सकती है. वहीं राज्य की ज़मीनो से जुड़े मामलों में निर्णय लेते हुए फ़ैसला किया गया कि राज्य की ऐसी भूमि जो भिन्न प्रकार से क़ब्ज़े मे है ऐसे मामलों के निस्तारण के लिए एक सब कमेटी का गठन किया गया जिसमे मुख्य बिंदु यह है कि यह कमेटी सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता मे काम करेगी।इसके अतिरिक्त गैरसैंण सत्र में आने वाले बजट को भी मंज़ूरी दे दी गई, दूरसंचार, पुलिस, श्रम विभाग, आवास विभाग की सेवा नियमावली के प्रस्ताव भी मंज़ूर किय गए और कैबिनेट के सामने पर्यटन नीति की प्रस्तुति दी गई. तेरह मार्च से गैरसैंण मे विधानसभा बजट सत्र आहूत होने के कारण आधिकारिक रूप से मीडिया ब्रीफ़िंग नही की गई.

# गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। गैस सिलेंडर की महंगाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने गुरुवार को एस्लेहाल चौक पर प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों का विरोध करते हुए पुतला फूंका। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने कहा कि बेतहाशा महंगाई से जनता बहुत परेशान है। कांग्रेस कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेंगे। हर मोर्चे पर सरकार को घेरने का काम किया जाएगा। उत्तराखंड में सिलेंडर अब 1122 रुपये को हो गया है।



घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 और कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 350.50 रुपये की बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार आर्थिक नीतियों पर ध्यान नहीं दे रही है। पूरा ध्यान विरोध की आवाज दबाने पर है। इस दौरान कांग्रेस नेता गोदावरी थापली, गरिमा दसौनी, पूरन सिंह रावत, महेंद्र नेगी गुरुजी, मनीष नागपाल, उर्मिला थापा, दीपू चौहान, पवन खरोला, मुखिल अहमद, मुकेश सोनकर, अर्जुन सोनकर, संगीता गुप्ता, डॉ. अरुण रतूड़ी, राजकुमार जयसवाल, मनीष वर्मा, गौतम डोगरा, अभिषेक तिवारी, लक्की राणा, विपुल नौटियाल, जितेंद्र तनेजा, मोहन थापली, संजय शर्मा, हरिंदर सिंह बेदी, शिवम कुमार बुय्यर, संजय भारती, अवदेश कटारिया, मेहताब, पीयूष जोशी, सूरज छेत्री, अफ्ताफ अहमद, रोबिन त्यागी, ललित बद्री आदि मौजूद रहे। उधर, कांग्रेस महानगर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार बांगा ने गैस सिलेंडर की महंगाई पर रोष जताया। बांगा ने कहा कि कॉमर्शियल सिलेंडर के दामों में साढ़े तीन सौ रुपये का इजाफा स्वीकार्य नहीं है। होटल-रेस्टोरेंट कारोबार इससे प्रभावित होगा। खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ सकते हैं। उन्होंने घरेलू गैस की कीमतें भी बढ़ाई गई हैं। यह जनता के साथ अन्याय है।

# ग्राफिक एरा में नए स्टार्टअप पर हुई चर्चा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। गन्ने के अर्क से प्लास्टिक रहित मोल्डेड फर्नीचर बनाना, चार धाम यात्रियों के लिए मोबाइल एप के माध्यम से जरूरी जानकारी उपलब्ध कराना और भीमताल जैसे छोटे शहरों के लिए आनलाइन शापिंग एप्स निर्मित करना। ऐसे ही कुछ दिलचस्प स्टार्टअप्स आइडिया दिए ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के देहरादून, भीमताल और हल्द्वानी परिसरों के छात्र छात्राओं ने। मौका था विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड इनोवेशन सेल फॉर एंटरप्रेन्योरशिप ( राइस) के आइडिया पिचिंग बूट कैंप का।

ये छात्र छात्राओं को सफल उद्यमी बनाने की पहल है जिसे यूकॉस्ट स्पॉन्सर कर रहा है। कार्यक्रम के शुरुवाती सत्र में विवि के भीमताल परिसर के निदेशक डॉ मनोज लोहनी ने छात्र छात्राओं और विशेषज्ञों का स्वागत किया। इस के बाद राइस के को-कोऑर्डिनेटर, सौमित्रो चट्टोपाध्याय ने राइस के बारे में विस्तार से बताया और फिर विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं के साथ अपने अनुभव साझा किए। विशेषज्ञों ने उदम्यिता के क्षेत्र में आने वाली बाधाओं और उन्हें दूर करने के तरीकों के बारे में बताया। विशेषज्ञों ने छात्र छात्राओं के कई स्टार्टअप्स जैसे फैशन ब्रांडिंग और स्टाइलिंग और फैशन ब्रांड के कंसेप्चुअल शूट्स जैसे प्रस्तावों और उन के गुण दोष पर चर्चा की। आयोजन में उद्यमी और कंसल्टेंट राजेश पी जैन, डिवाइन प्रो कंपनी की फाउंडर और सीईओ डॉ जूही गर्ग, पेटीएम के प्रमुख निवेशकों में से एक अशोक सक्सेना सीआईआईवाईआई के चेयरमैन डॉ उदय नंदा,विवि के डायरेक्टर जनरल डॉ एचएन नागराजा, राइस की कोऑर्डिनेटर डॉ ज्योति छाबरा और तीनों परिसरों के छात्र छात्राएं और शिक्षक माजूद रहे।

# राज्य में स्वतंत्र पुलिस शिकायत आयोग बने

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्य में पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग और बिगड़ती कानून का आरोप लगाते हुए विभिन्न विपक्षी दलों और जन संगठनों की ओर से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। राज्य में स्वतंत्र पुलिस शिकायत आयोग बनाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में कहा गया कि संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है। युवा जब अपनी जायज मांगें उठाने की कोशिश कर रहे हैं तो उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। भीड़ की हिंसा और नफरत की राजनीति हो रही है। मांग उठाई कि हाल में हुई दमनकारी घटनाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए। राज्य में स्वतंत्र पुलिस शिकायत आयोग बनाया जाए। राज्य में स्वतंत्र लोकायुक्त को सक्रिय किया जाए, ताकि भ्रष्टाचार पर रोक लगे। ज्ञापन में भेजने वालों में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा दसौनी, सीपीआई के नेशनल कौंसिल मेंबर समर भंडारी, सपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. एसएन सचान, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश नौडियाल, उत्तराखंड महिला मंच की निर्मला बिष्ट, किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष एसएस सजवाण, प्रदेश महामंत्री गंगाधर नौटियाल, उत्तराखंड सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष इस्लाम हुसैन, चेतना आंदोलन के शंकर गोपाल, विनोद बडोनी एवं राजेंद्र शाह, जन संवाद समिति सतीश धौलखंडी, पीपुल्स साइंस मूवमेंट के विजय भट्ट, त्रिलोचन भट्ट, विनोद भट्ट आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मनेरगा कार्यों की जांच की मांग उठाई

पिथौरागढ़। जन जागृति मंच ने बलुवाकोट ग्राम पंचायत हो रहे निर्माण कार्यों की जांच की मांग की है। गुरुवार को अध्यक्ष हरी राम आर्या व उपाध्यक्ष रुद्र राम ने आरोप लगाते हुए कहा कि बलुवाकोट में बन रहे हैलीपैड में भी अनियमिताएं की जा रही है। मस्टरौल व बिलों में भी गडबडी की जा रही है। उन्होंने होली के बाद शिकायतों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### धौलकांडा के ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन दिया

पिथौरागढ़। धौलकांडा के पेयजल स्रोत के ऊपर से नई योजना बनाने पर ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया है। उपप्रधान माया प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि चैतलउड्यार व मैथल के पेयजल स्रोत से नई पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है। जिसके समीप स्थित धौलकांडा के लिए निर्धारित पेयजल स्त्रोत में जलस्तर कम हो जाएगा। भविष्य में लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ लोगों ने फर्जी हस्ताक्षर कर पेयजल स्त्रोत के लिए अनापत्ति दी है। बैठक होने के बाद पुलिस में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की मांग की जाएगी। स्थानीय केशव दत्त पाण्डेय,गोपाल पाण्डेय,हरीश पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन व जल निगम से नई योजना को निरस्त करने की मांग की है।

### डीडीहाट में खाली सिलेंडर लेकर सडक़ पर उतरे कांग्रेसी

पिथौरागढ़। नगर में मूल्य वृद्धि को लेकर कांग्रेसी खाली सिलेंडर लेकर सडक़ पर उतरे। गुरुवार को ब्लॉक अध्यक्ष चंचल चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ता गांधी चौक में एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने खाली सिलेंडर लेकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला जलाया। चौहान ने कहा कि रसोई गैस के मूल्य वृद्धि ने महंगाई में आग लगाने का काम किया है। पहले ही लोग महंगाई की मार से जूझ रहे हैं। कहा व्यवसायिक सिलेंडर में 350 रुपये की वृद्धि की गई है। इसका भी सीधा असर आमजन की जेब पर पड़ेगा। सिलेंडर महंगा होने से बाजार में महंगाई बढऩी स्वाभाविक है। कार्यकर्ताओं ने सरकार से सिलेंडरों के मूल्य में कटौती करने की मांग की है। साथ ही सब्सिडी की धनराशि को भी बढ़ाने को कहा है। यहां जिला पंचायत सदस्य बंशीधर भट्ट, राजेंद्र बोरा, विक्रम देउपा, ललित चुफाल, ललित भंडारी, गिरधर बोरा, राजेश कन्याल, गणेश कन्याल, हिमांशु चुफाल, भूपेश बसेड़ा, कैलाश खोलिया, बल्लू चौहान, बल्लू कठायत, सुरेश प्रशाद, बलवंत कुमार चामू सिंह कन्याल, जय प्रकाश जोशी आदि मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणी करने पर एक गिरफ्तार

पिथौरागढ़। डीडीहाट पुलिस ने सोशल मीडिया में फर्जी आईडी बनाकर अभद्र टिप्पणी करने पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक थल निवासी एक युवती ने मई 2022 में तहरीर दी। युवती का कहना था कि इंस्ट्राग्राम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी फर्जी आईडी बनाई है। उक्त आईडी में उसकी आपत्तिजनक फोटो वायरल कर अपशब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भादवि की धारा 354 (डी) व 67 आईटी एक्ट तहत मुकदमा दर्ज जांच शुरू की। विवेचक प्रभारी निरीक्षक हिमांशु पंत के नेतृत्व में जांच के दौरान रांथी निवासी नरेन्द्र सिंह का नाम सामने आया।पुलिस ने युवक को उसके घर से गिरफ्तार किया है। टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप गिरी, दिनेश जोशी, जगमल सिंह शामिल रहे।


## न्यूज़ वायरस देहरादून

के प्रकाशन के संबंध में सूचना

फार्म-4

(नियम 8 देखिए)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | : | विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून (उत्तराखंड) |
| 2. | प्रकाशन अवधि | : | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | : | मौ.सलीम सैफी |
| | क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | XXXXX |
| | पता- | : | न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखण्ड) |
| 4. | प्रकाशक का नाम | : | मौ.सलीम सैफी |
| | क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | XXXXX |
| | पता- | : | न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखण्ड) |
| 5. | संपादक का नाम | : | मौ.सलीम सैफी |
| | क्या भारत का नागरिक है? | : | हां |
| | (यदि विदेशी है तो मूल देश) | : | XXXXX |
| | पता- | : | न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखण्ड) |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हो तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हो। | : | स्वामी मौ. सलीम सैफी 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखण्ड) |

मैं मौ. सलीम सैफी एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एव विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य है।

दिनांक : 03 मार्च, 2023

ह/- मौ.सलीम सैफी
प्रकाशक

# राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सम्मेलन राज्यों के लिए होते हैं उपयोगी : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 मार्च : प्रदेश की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने किया राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य मंत्रियों के सम्मेलन में शिरकत केंद्रीय खाद्य मंत्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में हुआ सम्मेलन प्रदेश की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने केन्द्रीय मंत्री, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार पीयूष गोयल की अध्यक्षता में राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य मंत्रियों के सम्मेलन में शिरकत किया। यह सम्मेलन नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयोजित किया गया। उक्त सम्मेलन में खाद्य मंत्री, रेखा आर्या ने राज्य की ओर से प्रतिभाग किया। वही सम्मेलन में राज्यों ने अपने राज्य की बेस्ट प्रैक्टिसेज पर प्रस्तुति दी गई। जहां कर्नाटक ने मोटे अनाज की खरीद , उत्तर प्रदेश में खाद्यान्न खरीद और आंध्र प्रदेश द्वारा कमांड कंट्रोल सेंटर पर प्रस्तुति दी गई। भारत सरकार द्वारा स्मार्ट पीडीएस तथा ₹वन नेशन वन राशन कार्ड₹ पर प्रस्तुति दी गई।

वही उत्तराखंड की खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने राज्य में खाद्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि किस प्रकार से वन नेशन वन राशन कार्ड का लाभ राज्य को मिल रहा है।साथ ही बताया कि किस प्रकार से अपात्र को ना व पात्र को कहां चलाई गई मुहिम से पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचा है। इसके साथ ही राज्य में अंत्योदय परिवारों को तीन गैस रिफिल की सुविधा वर्ष में दी जा रही है।

खाद्य मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर होने वाले सम्मेलन में भाग लेना राज्यों के लिए उपयोगी होता है, जिससे राज्यों को अन्य राज्यों में होने वाले अच्छे कार्यों की जानकारी होती है। साथ ही भारत सरकार द्वारा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों के संबंध में दिशा निर्देश की जानकारी प्राप्त होती है। इस अवसर पर समस्त राज्यों के विभागीय मंत्री गण,सचिव और अधिकारी उपस्थित रहे।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दूधली का आकस्मिक निरीक्षण, 2 चिकित्सा अधिकारी उपस्थित मिले

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

3 मार्च :स्वास्थ्य केंद्र दूधली तहसील डोईवाला का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में तैनात तीन चिकित्सा अधिकारी में से 2 उपस्थित मिले जबकि डॉ मधुमिता बिष्ट को उच्च शिक्षा के लिए जाना बताया गया। केंद्र में तैनात एक फार्मासिस्ट तथा 3 एएनएम भी अवकाश पर बताई गई निरीक्षण के दौरान एक फार्मासिस्ट उपस्थित थी। केंद्र में तैनात हेल्थ सुपरवाइजर उपस्थित पाई गई । केंद्र में





उपलब्ध दवा एवं वैक्सीनेशन स्टॉक , सफाई व्यवस्था , लेबर रूम, वैक्सीनेशन रूम आदि का भी निरीक्षण किया गया । साथ निशुल्क जांच केंद्र का निरीक्षण किया गया जिस का संचालन चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर देहरादून के माध्यम से किया जा रहा है । मेरे द्वारा निशुल्क जांच केंद्र मैं खुद की बीपी एवं शुगर की जांच कराई गई। निरीक्षण के दौरान डॉ श्वेता धौंडियाल, डॉ पूनम गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की

चम्पावत। मुख्यालय के फॉरेस्ट कॉलोनी और जूप में बीते दस दिनों से पेयजल आपूर्ति बंद है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परेशान लोगों ने नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन की की चेतावनी दी है। फॉरेस्ट कॉलोनी में बीते दस दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय निवासी हरीश बिष्ट, पुष्पा देवी, दुर्गा देवी, लक्ष्मी देवी, हेमा देवी, नीमा देवी, स्मृति, आयुष बिष्ट ने बताया कि कॉलोनी में बीते दस दिन से पानी नही आया है। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि यहां कभी कभार पेयजल आपूर्ति होती है। इस संबध में कई बार जल संस्थान को लिखित और मौखिक सूचना दी गई। उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। परेशान लोगों ने नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग की है। लोगों ने आपूर्ति नहीं होने पर कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इधर जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता हेमंत फुलारा ने बताया कि पेयजल स्रोत में कमी आने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। बताया कि कॉलोनी में दूसरी लाइन से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

## प्रशिक्षु आईएएस स्वास्थ्य सेवाओं से हुए रूबरू

ऋषिकेश। लाल बहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी मसूरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सात इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज (आईएएस) प्रशिक्षु शैक्षिक भ्रमण पर गुरुवार को ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल पहुंचे। वे यहां ओपीडी और इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं से रूबरू हुए। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके चंदोला ने उन्हें सरकार की स्वास्थ्य सेवा संबंधी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की अगुवाई में आईएएस प्रशिक्षुओं ने सबसे पहले ओपीडी का भ्रमण कर मरीजों के पंजीकरण से लेकर चिकित्सीय परामर्श को देखा। साथ ही मौके पर मरीजों से स्वास्थ्य सेवा को लेकर चर्चा भी की। आईएएस प्रशिक्षुओं ने इमरजेंसी, औषधी वितरण केंद्र, इंजेक्शन कक्ष, पैथोलॉजी लैब, महिला और पुरुष वार्ड का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं को देखा। सरकारी अस्पताल के परामर्श दाता एचबी नौडियाल ने बताया कि आईएएस प्रशिक्षुओं ने शैक्षिक भ्रमण में स्वास्थ्य सेवाओं की गहनता से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने तपेदिक रोगियों को पोषण सामग्री भी वितरित की। उन्हें शैक्षिक भ्रमण के बारे में बताया।

## तीसरे दिन भी नहीं लगा नदी में डूबे बच्चों का सुराग

चम्पावत। बीते मंगलवार को शारदा नदी में डूबे दो बच्चों का सुराग तीसरे दिन भी नहीं लग सका। डूबे बच्चों के सुराग में जल पुलिस और गोताखार लगातार सर्च अभियान चला रहे हैं। गुरुवार को जल पुलिस और गोताखोरों ने शारदा नदी में डूबे बच्चों की तलाश में सर्च अभियान चलाया। बीते मंगलवार को शारदा घाट, वार्ड नं एक निवासी अमित कश्यप (8)पुत्र हरीश कश्यप और अंकित कुमार (10) पुत्र सुमित निवासी फरीदपुर, बरेली शारदा नदी में डूब गए थे।

# लैंड बैंक बन जाने से प्रदेश का बेहतर तरीके से विकास किया जा सकेगा : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में प्रदेश में लैंड बैंक के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों और सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सुनियोजित विकास के लिए प्रदेश में उपलब्ध सभी सरकारी भूमि और भवनों की जानकारी इसके लिए बनाए गए पोर्टल में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि लैंड बैंक बन जाने से प्रदेश का बेहतर तरीके से विकास किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विभागों की समीक्षाओं के दौरान यह प्रकाश में आया है कि विभिन्न विभाग अच्छे प्रस्ताव भी ला रहे हैं परन्तु विभाग सिर्फ अपने कब्जे की भूमि से बाहर अपनी योजनाओं को शुरू करने पर विचार नहीं करता। जबकि उसकी योजना के लिए बेस्ट सूटेबल स्थान किसी अन्य विभाग के कब्जे में है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफलता उसकी लोकेशन और कनेक्टिविटी और अवसंरचनात्मक सुविधाओं पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों



के अंतर्गत भवन भी खाली पड़े हैं जो जानकारी के अभाव में अन्य विभागों द्वारा भी प्रयोग नहीं किए जा रहे हैं। पोर्टल पर इसकी जानकारी उपलब्ध होने से इन खाली पड़े भवनों का भी प्रयोग हो सकेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि एक पोर्टल में सभी भूमियों की जानकारी उपलब्ध रहने से किसी भी योजना को सफलतम तरीके से शुरू किया जा सकेगा। इसके लिए सभी विभाग अपने कब्जे के भूमि अथवा भवनों की जानकारी गूगल मैप नक्शे और लैटिट्यूड-लॉन्गिट्यूड के साथ इसके लिए बनाए गए पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि इससे सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण पर भी नजर रखी जा सकेगी। सभी शहरों के जो मास्टर प्लान बनाए जा रहे हैं, उसके लिए भी यह लाभप्रद होगा, साथ ही यह राज्य की तस्वीर को एक बेहतर रूप में पूरी तरह से बदल देगा। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को जनपद स्तर पर सेंट्रलाइज्ड ग्रीन बिल्डिंग बनाए जाने की दिशा में भी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों के एक जगह उपलब्ध होने से कार्य क्षमता बढ़ेगी। इससे समय की बरबादी भी रुकेगी और शहरों का कंजेशन भी कम होगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, डॉ. बी. वी.आर. सी. पुरुषोत्तम, अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं आयुक्त गढ़वाल एवं कुमायूं सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# रुड़की में बेखौफ हो गए हैं स्टंटबाज, हर दिन लग रही हैं 'मौत' की रेस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

3 मार्च : रुड़की में सड़कों पर तेज रफ्तार से बाइक दौड़ा रहे स्टंटबाज पुलिस के लिए सिरदर्द बने हुए हैं।इनकी वजह से सड़क पर चल रहे लोगों की जान हर वक्त खतरे में रहती है, खुद स्टंटबाज युवा भी हादसे का शिकार हो सकते हैं, लेकिन इन्हें न तो अपनी जान की परवाह है और न ही दूसरों की। पुलिस इस मामले को लेकर कई बार अभिभावकों संग बैठक भी कर चुकी है, लेकिन कोई हल निकलकर सामने नहीं आया। ऐसे में इन स्टंटबाजों पर लगाम लगाना पुलिस के लिए बड़ा मुश्किल हो रही है। शहर की सड़कों पर कुछ छात्र बाइक से स्टंट करते दिखाई देते हैं।

गंगनहर पटरी के पास भी युवा अक्सर बाइक दौड़ाते दिख जाते हैं। एक युवक से बातचीत की गई तो उसने बताया कि उसने कहीं से स्टंट करने की ट्रेनिंग नहीं ली, ये तो बस चलते-फिरते हो जाता है। युवक ने ये भी बताया कि वो पिछले दो साल से स्टंट कर रहा है। पुलिस ने डेढ़ महीने के भीतर रफ ड्राइविंग केस में 318 नाबालिगों के चालान किए हैं।

इन पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। पुलिस ने अभिभावकों से भी बातचीत की थी, ताकि वो अपने बच्चों को समझाएं, लेकिन पुलिस के अभियान का कोई असर होता नहीं दिख रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे मामलों को रोकने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। हाल ही में 318 छात्रों के चालान किए भी किए गए। अभिभावकों की काउंसलिंग भी की गई है, ताकि वो अपने बच्चों को समझाएं। रुड़की शहर में पुलिस फोर्स बढ़ाई जाएगी, ताकि स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।




# हार्ट अटैक की वजह बन सकता है लगातार नाइट शिफ्ट करना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

3 मार्च : इन दिनों काम का बढ़ता प्रेशर लगातार लोगों को कई तरह की समस्याओं का शिकार बना रहा है। काम की वजह से लोग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याओं की चपेट में भी आते जा रहे हैं। खासतौर पर नाइट शिफ्ट करने की वजह से इसका लोगों की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ने लगा है। नाइट शिफ्ट में काम करने से न सिर्फ आपकी स्लीप साइकल डिस्टर्ब होती है, बल्कि इससे सेहत को भी काफी नुकसान पहुंचता है। तो चलिए जानते हैं नाइट शिफ्ट के कुछ गंभीर साइड फैक्ट्स के बारे में-

हम सभी ने हमेशा से सुना होगा कि रात में जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना हमारी सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। लेकिन नाइट शिफ्ट की वजह से कई बार हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। साथ ही हमारे सोने और उठने की आदतों में भी काफी बदलाव हो जाता है। ऐसे में नींद की कमी होने लगती है, जो सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऑफिस की शिफ्ट का असर हमारे खानपान पर भी देखने को मिलता है। वहीं, अगर आप नाइट शिफ्ट कर रहे हैं, तो इससे आपके खाने की आदत पूरी तरह से बिगड़ जाती है। खानपान में हुई इस गड़बड़ी का असर हमारी पाचन क्रिया पर भी पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन संबंधी कई समस्याएं जैसे कब्ज आदि का सामना करना पड़ता है।नाइट शिफ्ट करने से व्यक्ति कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। दरअसल, रात में काम करने की वजह से हमारे सोने और खाने की आदतों में काफी बदलाव होने लगता है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। नाइट शिफ्ट की वजह से हार्ट अटैक, डायबिटीज जैसी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है.नाइट शिफ्ट करने से न सिर्फ आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर असर पड़ता है, बल्कि इसका प्रभाव आपके सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। दरअसल, रात में काम करने के बाद व्यक्ति दिन में ज्यादातक समय सोता रहता है, जिसकी वजह से आप सामाजिक रूप से काफी अलग-थलग होने लगते हैं।





## संक्षिप्त खबरें

### पांच खाद्य कारोबारियों को दिया नोटिस

बागेश्वर। खाद्य सुरक्षा विभाग ने गरुड़ ब्लॉक के बैजनाथ, पुरड़ा, डंगोली आदि क्षेत्र का निरीक्षण किया। खाद्य कारोबारियों को पैक्ड खाद्य पदार्थ खरीदने से पहले उसकी जांच करने के निर्देश दिए। जिला अभिहीत अधिकारी डॉ. प्रकाश फुलारा के नेतृत्व में टीम ने एक खाद्य कारोबारी को धारा 32 व पांच को नोटिस दिया गया। इसके अलावा रसगुल्ला, गुजिया, बूंदी लड्डू के सेंपल लिए गए। सेंपलों को रुद्रपुर लैब भेजा जाएगा। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी विपन कुमार, जीवन चंद्र आदि मौजूद रहे।

### पैसा खर्च करने के बाद भी धुआं फांक रहे भराड़ी के लोग

बागेश्वर। नगर पंचायत कपकोट का अपना ट्रंचिंग ग्राउंड होने के बाद नगर से एकत्र किया गया कूड़ा खुले में जल है। इससे क्षेत्र के लोग प्रदूषित धुआं फांकने को मजबूर हैं। धन खर्च करने के बाद भी उन्हें सुविधा नहीं मिल रही है। इस पर व्यापारियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मालूम हो कि इन दिनों नगर पंचायत द्वारा नगर से एकत्र कूड़े में आग लगी हुई है। आग लगने से क्षेत्र में प्रदूषित धुआं फैल रहा है। इस धुएं से जहां लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है वहीं स्वांस के रोगी परेशान हैं। गर्मी के दस्तक देते ही समस्या और बढ़ गई है। भराड़ी के व्यापारियों ने भी इस पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि वह पंयायत को सफाई कर के साथ अन्य कर भी दे रहे हैं। इसके बाद भी वह शुद्ध हवा नहीं ले पा रहे हैं। पंचायत बनने का उन्हें लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। यहां पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष शेर सिंह ऐठानी, प्रकाश जोशी, बसंत बिष्ट, पूर्व ग्राम प्रधान गणेश उपाध्याय, पूर्व सभासद गिरीश जोशी, मेहमान सिंह, केदार सिंह रहे। इधर नगर पंचायत के ईओ नवीन कुमार ने बताया कि कूड़े को अराजक तत्व आग लगा रहे हैं। नगर पंचायत व दमकल विभाग का वाहन लगातार आग बुझा रहा है।

### जैविक उत्पादों को करें अपने भोजन में शामिल

बागेश्वर। चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राइंका बागेश्वर में ईट राइट इंडियन मोमेंट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश पोखरिया ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पोखरिया ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए हमें जीवन में जैविक उत्पादों को खाने के लिए शामिल करना चाहिए। हमें जंग फूड से दूर रहना होगा। संयोजक रासेयो जिला समन्वय राजीव निगम ने कहा कि बेहतर जीवन का उद्देश स्वास्थ्य भोजन है। हमें अधिक चीनी, नमक एवं तेलीय पदार्थी अपने खाने में न्यूनतम शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य दीप चंद्र जोशी ने किया। इस मौके पर विश्वजीत कौर, हेम चंद्र जोशी, सुरेश राम, जितेंद्र वर्मा, रजत, सुनीता आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण ने बेलदार पर किया नोकदार हथियार से हमला

बागेश्वर। नहर में पानी चलाने गए बेलदार का भानी गांव के एक युवक का विवाद हो गया। इस दौरान वादविवाद के दौरान युवक ने उसके सिर पर नुकीले हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर उसे सीएचसी कपकोट भर्ती कराया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को सिंचाई विभाग में संविदा पर तैनात बेलदार किशन सिंह पुत्र हयात सिंह नहर में पानी चलाने के लिए गया था। इस दौरान भानी निवासी दीपक खेतवाल मौके पर पहुंच गया। बेलदार का रास्ता रोकर बहस पर उतर आया। विरोध करने पर उसने नुकीले धारदार बस्तु से उसके सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगते ही वह नीचे गिर गया। आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। गुरुवार को पीड़ित ने पुलिस में पहुंचकर घटना की जानकारी पुलिस को दी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दीपक के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष प्रताप नगरकोटी ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### विधायक प्रतिनिधि ओली का स्वागत

बागेश्वर। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष की संपन्न बैठक में शक्ति केंद्र की बैठकें तय की गई। इस दौरान भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज ओली के विधायक प्रतिनिधि बनने पर उनका स्वागत किया गया। कहा कि इससे प्रदेश समेत बागेश्वर विधानसभा में विकास कार्यों में तेजी आएगी। गुरुवार को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नंदन सिंह रावत की अध्यक्षता हुए बैठक में शक्ति केंद्र के बैठकों की तिथि 11 मार्च को निर्धारित की गई। शक्ति केंद्र संयोजकों को संबोधित करते हुए चमोली जिला प्रभारी एडवोकेट कुंदन परिहार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कार्यकर्ता तैयार रहें। विधायक प्रतिनिधि मनोज ओली ने कहा कि प्रत्येक गांव तक विकास कार्य पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता की समस्याओं के निदान के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान मनोज ओली का भव्य स्वागत किया गया। यहां प्रभारी रवि करायत, नंदन रावत, संजय परिहार, दयाल कांडपाल, खडक़ दफौटी, सुंदर दफौटी, पूर्व जिला महामंत्री डा राजेंद्र सिंह परिहार आदि रहे।

### नशे के रोकथाप के लिए चलाएं अभियान

बागेश्वर। अपर जिलाधिकारी चंद्र सिंह इमलाल ने जनपद में नशे पर प्रतिबंध लगाने हेतु संबंधित विभागों को अपनी-अपनी वार्षिक कार्ययोजना देने के निर्देश दिए। कहा विद्यालयों, डिग्री कॉलेजों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाए। स्वास्थ विभाग को रोस्टर बनाकर विद्यालयों में काउंसलिंग कराने के निर्देश भी दिए। कहा कि ड्रग्स, चरस के साथ ही अवैध शराब पर नकेल कसने के लिए पुलिस व आबकारी विभाग को संयुक्त रूप से छोपेमारी करें। यहां एसडीएम मोनिका, पुलिस उपाधीक्षक अंकित कण्डारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, समाज कल्याण अधिकारी हेम तिवारी, आबकारी अधिकारी मीनांक्षी टम्टा, तहसीलदार तितिक्षा जोशी, दीपिका आर्या के साथ ही स्वास्थ विभाग के अधिकारी व महाविद्यालय के प्राध्यापक रहे।

### अराजक तत्वों ने लगाई रैखोली के जंगल में आग

बागेश्वर। जिले के जंगल लगातार सुलग रहे हैं। अराजक तत्वों ने फिर पौड़ीधार, रैखोली के जंगल में आग लगा दी। आग फैलने लगी और लोगों के घास के ढेरों तक पहुंचने की संभावना बढ़ गई। वन विभाग और स्थानीय लोगों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। बुधवार की रात रैखोली के जंगलों में भयंकर आग लग गई। आग ग्रामीणों के घास के ढेरों की तरफ बढने लगी। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। ग्रामीण एकजुट हुए और वन विभाग को सूचना दी। ग्रामीण और वन विभाग की टीम आधी रात तक आग बुझाने में रही। जिससे गांव वालों के घास के ढेर आदि बच गए। लेकिन आग लगने से पर्यावरण को नुकसान हुआ। वहीं, नए पौध भी जलकर नष्ट हो गए। ग्रामीण पूरन चंद्र, महेश सिंह, सुंदर सिंह, मोहन चंद्र आदि ने बताया कि आग लगाने वालों के विरुद्ध वन विभाग को कार्रवाई करनी होगी।

# दून लाईब्रेरी एवं शोध केन्द्र परेड ग्राउण्ड में हुआ किसान गोष्ठी एवं मिलेट भोज का आयोजन

## डीएम सोनिका ने किया पौष्टिक भोजन से भरी ''श्री अन्न थाली'' का विधिवत शुभारम्भ



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। संयुक्त राष्ट्रीय द्वारा वर्ष 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दून लाईब्रेरी एवं शोध केन्द्र परेड ग्राउण्ड में जिला योजना अन्तर्गत स्थानीय मौटे एवं पौष्टिक अनाजों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किसान गोष्ठी एवं मिलेट भोज का आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सोनिका ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए पौष्टिक भोजन से भरी ''श्री अन्न थाली'' का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य गणमान्यों ने स्थानीय उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन किया तथा सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाये गए स्थानीय व्यंजनों को लुफ्त उठाया।

आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी सोनिका ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष घोषित किया गया है इसी क्रम में कलैण्डर जारी किया है उसी उपलक्ष में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राय यह देखा जाता है कि हम लोगों द्वारा अपने स्थानीय उत्पादों को वरियता नहीं दी जाती है, जबकि स्थानीय खाद्व उत्पाद मौटै अनाज की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता बहुत अधिक होती होती। इसका प्रचार-प्रसार किये जाने की आवश्यकता है, जिससे स्थानीय मौटे अनाज के उत्पादन में वृद्धि हो तथा स्थानीय किसानों की आय भी बढे। उन्होंने कहा कि बच्चों, महिला, पुरूष सभी इसका इस्तेमाल करें। आजकल की युवा पीढी गलत खान-पान की तरफ जा रही है, जिससे कई प्रकार की बीमारियां होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने सभी से स्थानीय उत्पादों एवं मौटे अनाज झंगौरा, मण्डुवा, गैत, काला भट्ट इत्यादि का सेवन करने की अपील की। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें किसान एवं संस्थान से आए विद्ववानों द्वारा स्थानीय मौटे अनाज की उत्पादन एवं किसानों की आय बढाने तथा बेहतर बाजार उपलब्ध कराने पर मंथन किया गया। सभी द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ एस के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण आर.सी तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी रायपुर चक्रधर सेमवाल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी जसपाल चौहान, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं किसान आदि उपस्थित रहे।

# कोरोना में आयुर्वेद के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा : कुलपति

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के कुलपति डॉ. सुनील जोशी ने कहा कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी में सम्पूर्ण विश्व में आयुर्वेद के प्रति अटूट विश्वास बढ़ा है। यदि हम अपनी चिकित्सा सेवा के सभी पद्धति मिलकर जनमानस को स्वस्थ्य रखने के लिये एक साथ काम करेंगे तो किसी भी बड़ी से बडी बीमारी का सही और समय से इलाज कर पायेंगें। ये बात उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दौरान कही। उत्तराखण्ड आयुर्वेद विवि एवं हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा विवि के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत ऋषिकुल में हुई। हेमवती नन्दन बहुगुणा चिकित्सा विवि के कुलपति प्रो. डॉ. हेमचन्द्र पाण्डेय ने कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में एक अच्छा सन्देश पहुंचाने का है। कहा कि प्राचीन चिकित्सा पद्धति एवं आधुनिक ऐलौपैथ चिकित्सा पद्धति एक साथ मिलकर एक ही प्लेटफार्म में काम करेंगे। संयुक्त रूप से एक दूसरे के सहयोग से अपनी अपनी पद्धति का ज्ञान का आदान प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों के लिये लाइव डिटैक्सन डिमोन्स्ट्रैसन की जो व्यवस्था इस सेमिनार में की जा रही है यह अपने आप में अनूठी पहल है। जिसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को ज्ञान अर्जित होगा। उसका लाभ उनके शिक्षण जीवन में हमेशा रहेगा। आयोजन सचिव शरीर रचना विभागाध्यक्ष प्रो. नरेश चौधरी ने बताया कि सेमिनार के माध्यम से मृत मानव शरीर के डिसेक्सन (शव-छेदन) द्वारा सभी प्रतिभागियों को सम्पूर्ण शरीर का विशेष रूप से ज्ञानार्जन कराया जाएगा। इस दौरान देश के विभिन्न प्रदेशों के अतिरिक्त नीदरलैण्ड, स्विजरलैण्ड एवं स्पेन से भी प्रतिभागियों ने भी विशेष रूप से प्रतिभाग किया। जापान से भी तीन प्रतिभागी इस सेमिनार में सम्मिलित होंगें।

## जनता दरबार में एसडीएम ने सुनी 200 से अधिक समस्याएं

हरिद्वार। जनता दरबार में समस्या सुनने के बाद एसडीएम ने शाहपुर शीतलाखेड़ा के पंचायत घर में बने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। स्कूल प्रांगण में लगे हैंडपंप को चलाया गया तो उसने पानी नहीं निकला। स्कूल में 109 बच्चों को मात्र एक ही अध्यापिका को पढ़ाता देख एसडीएम नाराज हो गए। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूल की व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। पथरी क्षेत्र के गांव शाहपुर शीतला खेड़ा में प्रशासन की ओर से जनता दरबार में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया। दरबार में सबसे अधिक समस्या पेंशन, किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड व आवास योजना की आई। एसडीएम ने जल्द निस्तारण करने का आश्वासन दिया। जनता दरबार में उप जिलाधिकारी पूरण सिंह राणा ने कहा कि शासन प्रशासन आपके लिए है और प्रशासन आपकी हर समस्या के प्रति संवेदनशील है। आपकी जो भी समस्या है, उसे प्रशासन के समक्ष बेहिचक बताएं। दरबार में शाहपुर के अलावा दूसरी पंचायतों के ग्रामीण और ग्राम प्रधान भी शामिल हुए। करीब 200 से अधिक समस्याओं को सुना गया।

# गोपेश्वर में गैस के दाम बढ़ाने का विरोध किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चमोली। गोपेश्वर में कांग्रेसियों ने गुरुवार को घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमत में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। इस मौके पर सरकार के विरोध में नारेबाजी कर सरकार से वृद्धि वापस लेने की मांग की। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नगर अध्यक्ष योगेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में महंगाई और गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि के खिलाफ मुख्य तिराहे पर नारेबाजी, प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला फूंका। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा भाजपा सरकार में आम जनता का महंगाई से जीना दूभर हो गया है। अमीरों की तिजोरी भर रही है और जनता की जिन्दगी मुश्किल हो गयीं है। मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आनंद सिंह पंवार, नगर अध्यक्ष योगेंद्र बिष्ट, ब्लाक अध्यक्ष गोविंद सिंह सजवाण, पीसीसी सदस्य अरविंद नेगी, पूर्व पीसीसी सदस्य अनिल कठैत, जिला उपाध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री हरेंद्र राणा/महेन्द्र नेगी, जिला उपाध्यक्ष उदय सिंह रावत, भगत कनियाल, धीरेन्द्र गरोडिया, महिला कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष ऊषा रावत, जिला सचिव संदीप झिंक्वाण, वरिष्ठ कांग्रेसी पूर्व जिला महामंत्री मनीष नेगी, जगत लाल, कुंवर सिंह भंडारी, यूथ जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित अनुजाति महिला जिलाध्यक्ष विनीता देवी, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ महामंत्री जयवीर नेगी, गोपाल रावत, पुष्कर सूरी, सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र बत्र्वाल, विक्रम नेगी, रमेश टम्टा, बी पलेठा, शम्भू लाल, वरिष्ठ यूथ प्रदीप नेगी, रोहित कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता किशोरी लाल, श्यामलाल, राकेश दाल, वरिष्ठ पूर्व सैनिक कांग्रेसी नरेन्द्र बत्र्वाल, न्याय पंचायत अध्यक्ष दर्शन झिंक्वाण, महिपाल लाल आदि शामिल रहे।

## नकल विरोधी कानून के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया

हरिद्वार। एचईसी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स जगजीतपुर में शिक्षकों और छात्र-छत्राओं ने नकल विरोधी कानून के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया। अभियान में छात्र-छात्राओं और शिक्षण, स्टाफ ने हस्ताक्षर किए। गुरुवार को भाजपा युवा मोर्चा ने भाजपा के जिला अध्यक्ष संदीप गोयल और भाजयुमो के जिला अध्यक्ष विक्रम भुल्लर के नेतृत्व में एचईसी कॉलेज पहुंच कर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान कॉलेज के चेयरमैन संदीप चौधरी और डायरेक्टर डॉ. अंशुल शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने नकल विरोधी कानून बना कर सराहनीय कदम उठाया है। प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल से या अन्य गलत तरीके से परीक्षा पास करना गलत है। इससे मेधावी प्रतिभाओं को मौका नहीं मिलता था।

# संक्षिप्त खबरें

## तीन पुलिसकर्मियों पर अभद्रता का आरोप, शिकायत

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव नसिरपुर कलां निवासी एक युवती ने फेरुपुर पुलिस चौकी के तीन सिपाहियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। मुस्कान पुत्र दिलशाद ने मामले में एसएसपी से शिकायत की है। शिकायती पत्र के माध्यम से उसने एसएसपी को बताया कि मंगलवार देररात फेरुपुर पुलिस चौकी पर तैनात तीन कांस्टेबल एक व्यक्ति को पकडने उसके घर आये थे। जब वह व्यक्ति घर नहीं मिला तो उन्होंने घर में मौजूद महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। आरोप है कि घर में खड़ी एक कार की जबरन चाबी उठाकर उसे चौकी ले आये। कुर्सियों को भी इधर से उधर फेंक दिया। पीड़ित ने बताया है कि पुलिसकर्मियों की यह हरकत घर पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। उधर फेरुपुर चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया पुलिसकर्मी एक व्यक्ति को पकडने उसके घर गए थे। जो दुबई भागने की फिराख में था। उसने दुबई भेजने के नाम पर कई लोगों के साथ पैसों की ठगी की है। पुलिसकर्मियों ने किसी के साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं किया है।

## दो राज्यों में जीत पर मनाया जश्न

रुडक़ी। त्रिपुरा और मेघालय भाजपा की सरकार बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। रुडक़ी पश्चिमी मंडल की ओर से गणेश चौक पर जश्न मनाया गया। मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि पूर्वोत्तर में दो राज्यों में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार बनी है। यह सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा यह गए कार्यों का नतीजा है। प्रधानमंत्री सभी राज्यों का समान विकास कर रहे हैं। कार्यक्रम में महामंत्री भरत कपूर, अमित अग्रवाल, कुलदीप तोमर, जिला उपाध्यक्ष अमित प्रजापति, जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा धीरज पाल, मास्टर कटार सिंह, जितेंद्र तोमर, सुधीर चौधरी, दीपक अरोड़ा, अविनाश त्यागी, सुशील पुंडीर, सतीश सैनी, आदित्य शर्मा, तुषार, मनीष प्रकाश, अनुज आत्रे, सतीश शर्मा, धर्मवीर पिंकी, आलोक गर्ग,नीरज कपिल, अनुज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## फर्जी इनकम टैक्स रेड गैंग का मददगार गिरफ्तार

रुडक़ी। फर्जी इनकम टैक्स रेड गैंग के मददगार को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपी से 38 हजार की रकम बरामद की हैं। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के इंदिरा विहार सुनहरा रोड निवासी खाद्य सामग्री के फैक्ट्री स्वामी सुधीर कुमार जैन के घर आठ फरवरी की सुबह इनकम टैक्स की फर्जी रेड पड़ी थी। इनकम टैक्स चोरी का डर दिखाकर फैक्ट्री स्वामी से बीस लाख रुपये ठग लिए थे। 23 फरवरी को पुलिस ने फर्जी रेड का खुलासा किया था। वरिष्ठ उपनिरीक्षक रणजीत खनेड़ा ने बताया कि फर्जी रेड के षड्यंत्र में शामिल रहे प्रवेज पुत्र मुनफैत निवासी धोबी वाली मौहल्ला सुनहरा रोड, रुडक़ी को गिरफ्तार किया है।

## तहसील भवन का मेन गेट नया बने

रुडक़ी। लक्सर एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विकास पंवार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम गोपालराम बिनवाल से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि लक्सर तहसील मुख्यालय का भवन काफी पुराना है। इसकी मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है। इस वजह से भवन का मेन गेट काफी पहले टूट गया था। अपने काम को लेकर तहसील मुख्यालय आने वाले लोगों पर इसका खराब असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि तहसील मुख्यालय के भवन का मेन गेट नया बनवाने के साथ ही तहसील परिसर का सौंदर्यीकरण कराने के आदेश लक्सर नगर पालिका को दिए जाएं। एसडीएम ने उनकी मांग पर सहमति जताकर जल्दी कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

## प्रदेश में विकास पूरी तरह ठपः माहरा

रुडक़ी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, बेरोजगारों को नौकरी के नाम पर लाठी से पिटवा रही है। छह सालों से प्रदेश का विकास पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। मंगलौर में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष का कांग्रेसियों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं व बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही है। प्रदेश में अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है। युवाओं, बेरोजगारों को नौकरी के नाम पर लाठी खानी पड़ रही है। प्रदेश में भर्ती परीक्षाओं में जिस तरह से धांधली हो रही है उससे युवाओं का भविष्य अंधकार में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी निकाय व लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ कार्य करना होगा। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र चौधरी एडवोकेट, पूर्व पालिकाध्यक्ष चौधरी इस्लाम, नगर अध्यक्ष प्रदुमन अग्रवाल, इश्तियाक अब्बासी, मोहम्मद शहजाद, मसरूर अहमद, संजीव प्रधान, नवाज काजमी, इमरान खान, परवेज नंबरदार आदि मौजूद रहे।

## नहर में कूदी महिला बचाया

रुडक़ी। गंगनहर में कूदी महिला को चेतक पुलिसकर्मियों ने बचा लिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। चेतक पुलिस टीम के कांस्टेबल रविंद्र सिंह राणा अपने सहयोगी के साथ गश्त कर रहे थे। पुराने गंगनहर पुल के पास लोगों की भीड़ लगी थी। बताया गया कि 65 वर्षीय महिला ने नहर में छलांग लगा दी। जो कि पानी के साथ बहती हुई आगे जा रही थी। पुलिसकर्मी कांवड़ मार्ग तक तेजी से बाइक ले गए। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से नहर में कूदकर महिला को सकुशल बाहर निकाला गया। महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से महिला ने इस प्रकार का कदम उठाया।

## ब्रेड के पैकेट पर डेट न डालने पर नोटिस

रुडक़ी। ब्रेड के पैकेट पर डेट नहीं होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने निर्माता कंपनी को नोटिस जारी किया है। हरिद्वार जिले में गुरुवार को कुल 11 सैंपल लिए गए। होली को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र पाल सिंह, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरिद्वार संदीप मिश्रा, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी रुडक़ी संतोष सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नगर निगम हरिद्वार कपिल देव ने अभियान चलाया। पूरे जिले में 11 सैंपल लिए गए। इसमें मिठाई, कचरी, दूध, सूजी, बेसन और ब्रेड के सैंपल लिए गए। रुडक़ी में शिकायत मिली थी कि एक कंपनी के ब्रेड पैकेट पर डेट नहीं डाली गई है। इस पर आवास विकास स्थित होल सेलर की दुकान पर जांच की गई।

## शिक्षकों ने की पुरानी पेंशन बहाली की मांग

रुडक़ी। जीआईसी में राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों ने सरकार से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की। शिक्षकों ने बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा की। कहा कि जल्द पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा होनी चाहिए। कार्यक्रम में शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार सैनी को शॉल और मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुदीप मिश्रा ने की। संचालन अमानत उल्ला खान ने किया।

# राज्यपाल गुरमीत ने किया कुमाऊँ विवि नैनीताल द्वारा 'लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन से कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा 'लैंगिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम को वर्चुअली सम्बोधित किया। राज्यपाल ने कहा कि भविष्य के भारत में हमारी बेटियों और मातृशक्ति को विकास के हर एक क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभानी है। विकसित भारत में नारी शक्ति की ही सबसे बड़ी हिस्सेदारी होगी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति का नेतृत्व भारत के विकास में महत्वपूर्ण होने वाला है।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि 'महिलाओं के विकास से महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, जो महिलाओं के समान अधिकारों और अवसरों को सुनिश्चित करने के लिए है। इस सिद्धांत का मुख्य उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ ही समाज और आर्थिक विकास में उनकी भूमिका को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति समानता, महिला सशक्तिकरण, समानता, सुशासन और समृद्धि के केन्द्र बिन्दु के रूप में हमारा नेतृत्व कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा अमृतकाल का संकल्प ही है कि हमें विश्व अर्थव्यवस्थाओं के साथ एक नेतृत्वकर्ता के रूप में अवसर मिला है। हम शक्ति और समन्वय के साथ दुनिया के साथ कार्य कर रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष जी-20 की अध्यक्षता भारत कर रहा है। जी-20 का मंच, विश्व के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए, विश्व की आर्थिक स्थिरता को बढ़ाने के लिए, दुनिया की बड़ी अर्थ व्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। भारत ने आर्थिक देशों के इस बड़े मंच पर नारी शक्ति को महत्वपूर्ण स्थान दिया है। महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के मुद्दे को जी-20 में प्राथमिकता दी है। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यशाला भी उसी दिशा में हमारी पूर्व तैयारी है और मातृशक्ति के नेतृत्व के साथ आने वाले विकसित भारत के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। राज्यपाल ने कहा कि मातृशक्ति के बल पर, बेटियों की प्रतिभा के बल पर, हमारे राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल है।

## ड्रोन शो ने दर्शकों को रोमांचित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तराखंड में पहली बार आयोजित ड्रोन शो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। योग की महत्ता और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव की छवि आकाश में उभरी, तो गंगा तट तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ड्रोन शो में योग के महत्व को दिखाने के साथ ही यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ के साथ आकाश में देवभूमि उत्तराखंड की छवि दिखाई गई। गुरुवार को मुनिकीरेती, कैलाशगेट स्थित गंगा रिजॉर्ट में चल रहे योग महोत्सव में ड्रोन शो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शो के दौरान दिखाया गया कि उत्तराखंड देवताओं की भूमि है, इस धरती पर देवों और गुरुओं का वास है। हरिद्वार, केदारनाथ देवप्रयाग, नंदप्रयाग, गंगोत्री, यमुनोत्री, बद्री विशाल और हेमकुंड साहिब इसे ज्ञान और मोक्ष की धरती बना देते हैं। यहां हर शिखर पर मंदिर हैं, हर नदी का संगम। उत्तराखंड की धरती तप की धरती है। यह तपोभूमि है, यह देवभूमि है, इसी संबोधन के साथ जब आकाश में ओंकार की आकृति उभरी तो शो में मौजूद हर शख्स की आंखें एकटक होकर इसे निहारती रह गईं। आईआईटी दिल्ली द्वारा तैयार किया गया यह शो पूर्णतया मेक इन इंडिया की पहल को आगे बढ़ाता दिखा। युवा प्रतिभाओं द्वारा तैयार किया गया ड्रोन शो ऋषिकेश की धरती पर पहली बार आयोजित किया। हालांकि आईआईटी कंपनी नई दिल्ली सहित कई अन्य सरकारी कार्यक्रमों में ड्रोन शो की प्रस्तुति दे चुकी है।

पुष्पवर्षा से स्वामी शिवानंद का स्वागतः दून योग पीठ देहरादून के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी महाराज के पावन सानिध्य में 126 वर्ष के पद्मश्री स्वामी शिवानंद महाराज का उत्तराखंड की टोपी, गंगा जल कलश, अंग वस्त्र, पुष्प हार पहनाकर उत्तराखंड आगमन पर गंगा रिजॉर्ट में पुष्प वर्षाकर स्वागत किया गया। आचार्य बिपिन जोशी ने महाराज की दीर्घायु की कामना करते हुए उनको योग का पितामह बताया। इस अवसर पर जीतानंद महाराज, नाद योगी अनुरागी, योगाचार्य शिवम गोस्वामी सहित काफी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।

हठ योग के बारे में जानाः 70वर्षीय जीतानंद महाराज ने हठ योग से योग शिक्षकों, विद्यार्थियों को अवगत कराया। दून योग पीठ के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी ने बताया ऋषिकेश में देश विदेश से पधारे योग साधक इस निशुल्क योग शिविर का लाभ उठा रहे है। शिविर में मनुज अग्रवाल, नाद योगी अनुरागी महाराज, योगाचार्य शिवम गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## तंबाकू के सेवन से हो सकता है लकवा: बिष्ट

चमोली। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में गुरुवार को चिकित्सकों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी है। गोपेश्वर में आयोजित कार्यशाला में डॉ. अनुराग बिष्ट ने तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया कि तंबाकू उत्पाद से शरीर में अनेक प्रकार के कैंसर, अल्सर, टीबी, लकवा, नपुंसकता, गर्भवतियों से मृत बच्चे का जन्म होना, अस्थमा, असामान्य रक्तचाप आदि गम्भीर बीमारियां हो सकती हैं। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में स्टेकहोल्डर्स की भूमिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन गोपेश्वर में किया गया। कार्यशाला में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ चमोली एवं बालाजी सेवा संस्थान देहरादून की टीम ने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादन (कोटपा) अधिनियम के बारे में विभाग के प्रतिनिधि की भूमिका के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला में बालाजी सेवा संस्थान के डिविजिनल कॉर्डिनेटर अजीत सिंह द्वारा तंबाकू नियंत्रण एवं कोटपा की जानकारी दी । इस अवसर पर शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, प्रोद्योगिकी कालेज, पुलिस विभाग, गैरसरकारी संगठनों, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## कला संकाय विभागीय परिषद का गठन

चमोली। राजकीय महाविद्यालय मींग-नारायणबगड़ चमोली में गुरुवार को कला संकाय विभागीय परिषद का गठन किया गया। जिसमें सभी विषयों से पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया। अध्यक्ष पद पर रीतिका, उपाध्यक्ष पद पर तनुजा, सचिव अंजली, सह सचिव सविता गुसाईं, कोषाध्यक्ष रीता सती चुने गए। जबकि सदस्य तनुज सती, नेहा, अनीशा,गणेश कलसी, करिश्मा को चुना गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीरेन्द्र सिंह ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## लालढांग में बिजली कटौती से 25 हजार की आबादी परेशान

हरिद्वार। गुरुवार को बिजली कटौती के चलते लालढांग क्षेत्र की 25 हजार की आबादी प्रभावित रही। चंडीघाट और गैंड़ीखाता सब स्टेशन से बाधित आपूर्ति के कारण कांगड़ी, गाजीवाली, श्यामपुर, सज्जनपुर, दुधलाद्यालवाला, पीली पड़ाव, रसूलपुर लाहड़पुर आदि पंचायतों में बिजली की आपूर्ति बाधित रही।

## रायवाला में चोरों की पुलिस को चुनौती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश। रायवाला क्षेत्र में चोर बेखौफ चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में अब कार चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरों की पहचान और कार की बरामदगी के लिए पुलिस सीसीटीवी कैमरों का सहारा ले रही है। दावा है कि जल्द मामले का खुलासा किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक ग्रामसभा हरिपुरकला स्थित उमा विहार में घर के बाहर संजय पुत्र लक्ष्मी चंद ने कार खड़ी की थी। रात के वक्त कार घर के बाहर ही थी, लेकिन सुबह मौके से कार गायब थी। आसपास तलाश के बावजूद संजय को कुछ पता नहीं चला, तो वह सीधे थाने पहुंचे। शिकायत देकर कार चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष कुलदीप पंत ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है। घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। मालूम हो कि महज 10 दिनों के भीतर रायवाला क्षेत्र में चोरी की यह तीसरी वारदात है। इससे पहले प्रतीतनगर में गिफ्ट सेंटर से नगदी व अन्य सामान चोरी और झोपड़ी से सिलेंडर के साथ ठेली चोरी का मामले का खुलासा भी अभी तक नहीं हो पाया है। बढ़ती चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### नेगी को सम्मान मिलने पर जताई खुशी

रुद्रप्रयाग। एचएनबी विवि श्रीनगर के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. महावीर नेगी को प्रतिष्ठित भूगोल शास्त्र भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किये जाने पर उनके गृह क्षेत्र जखोली से लोगों ने उन्हें बधाई दी है है। शुभकामनाएं देने वालों में ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, नागेन्द्र इंका बजीरा के प्रधानाचार्य शिव सिंह रावत,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी,राशिसं के पूर्व मण्डलीय मंत्री शिव सिंह नेगी, विधायक प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह भंडारी, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जुन गहरवार, ज्येष्ठ प्रमुख नागेन्द्र पंवार, बीरेंद्र सिंह राणा, दिगपाल सिंह नेगी, आनन्द सिंह राणा, भागचंद रावत आदि शामिल थे।

### भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी: पंवार

रुद्रप्रयाग। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार ने कहा कि भाजपा निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यहां कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा करता है। यही कारण है कि बिना किसी पहुंच के ही सामान्य कार्यकर्ता बड़े पदों तक पहुंच जाता है। रुद्रप्रयाग पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा विशुद्ध रूप से निष्ठावान कार्यकर्ताओं की पार्टी है। उन्होंने कहा कि वह सामन्य कार्यकर्ता की तरह ही पार्टी से जुड़े थे, और निस्वार्थ रूप से कार्य करते करते हुए आज पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के रूप में सेवा करने का सौभाग्य दिया है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश और जनपद का चहुमुंखी विकास हो रहा है। इस मौके पर भाजपा महामंत्री भारत भूषण भट्ट, मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बत्र्वाल, भाजयुमों के गढ़वाल संयोजक विकास डिमरी, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील नौटियाल, आईटी सैल के जिला संयोजक विकास नौटियाल, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कठैत, रोशन झा, पंकज कप्रवान आदि मौजूद थे।

### शिक्षा विभाग में उच्च अफसरों की कमी जल्द दूर हो

रुद्रप्रयाग। प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने कहा कि जनपद में शिक्षा विभाग में उच्च अधिकारियों के पद काफी समय से खाली चल रहे हैं जिससे शिक्षा व्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है। बिना अफसरों के शिक्षकों के लंबित मामलों का भी सही ढंग से निस्तारण नहीं हो पा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष शिव सिंह पंवार व जिला महामंत्री लखपत सिंह लिंगवाल ने कहा कि जनपद में मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व बेसिक के पद लंबे समय से रिक्त चल रहे है। जिला प्रशिक्षण संस्था रतूड़ा के प्राचार्य सीईओ का अतिरिक्त प्रभार देख रहे है। यही हालात ब्लाक स्तर पर भी चल रही है। जनपद के तीनों विकासखंडों में मात्र एक उप शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। अधिकारियों की कमी से जूझ रहे जनपद में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। बिना अधिकारियों के शिक्षकों के कई प्रकरण लंबित पड़े है। लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया। कहा कि इस संबंध में सरकार व शासन को अवगत कराया जा चुका है। इस संबंध में अपर महानिदेशक को भी अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक अधिकारियों को नहीं भेजा गया है। जिससे जनपद व ब्लाक स्तरीय कार्य बाधित हो रहे है। उन्होंने सरकार व शासन से जनपद में जल्द अधिकारियों की तैनाती की मांग की है।

### मयाली में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस सडक़ पर

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस कार्यकर्ता ने मयाली बाजार में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता का जीना दूभर हो गया है। लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता बेहाल है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी ने कहा है कि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और व्यवसायिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी होली से पहले मोदी सरकार द्वारा जनता को तोहफा करार दिया। कहा कि अब घरेलू गैस सिलेंडर पर 50 रुपये अतिरिक्त बढ़ा दिए और इसके साथ ही कॉमर्शियल सिलेंडरों में भी 350 रुपये का इजाफा किया गया है। ऐसे में होटलों, ढाबों में खाना महंगा होना स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि आम जनता पूरी तरह महंगाई से त्रस्त हो चुकी है। एक सिलेंडर की कीमत बढ़ने से न सिर्फ गृहस्थी का बजट बिगड़ेगा बल्कि अन्य वस्तुओं पर भी इसका असर देखने को मिलेगा।

# मिलावट करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर से कठोर कदम उठाने के दिए निर्देश






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून। आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औशधि प्रषासन, उत्तराखण्ड डॉ0 आर0 राजेष कुमार द्वारा मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में हुई राज्यस्तरीय सलाकार समिति की बैठक में दिये गये निर्देषों के अनुपालन में प्रदेष में वृहद स्तर पर निरीक्षण/नमूना संग्रहण हेतु कार्ययोजना के तहत विषेश अभियान संचालित करने के निर्देष समस्त अभिहित अधिकारियों को निर्गत किये गये। विषेश अभियान के अन्तर्गत जिलों में संचालित की जाने वाली सख्त कार्यवाही का समुचित प्रचार-प्रसार किया जाये जिससे अन्य लोगों में मिलावट पर की गयी कार्यवाही के भय से रोक लग सके। मिलावट करने वाले लोगों के खिलाफ कठोर-से-कठोर कदम उठाने जिलों में व्यापक स्तर पर डिक्वाय ऑपरेषन, ईन्फोर्समैन्ट एवं सर्विलांस की कार्यवाही करें एवं मिलावटी या ऐसे खाद्य निर्माताओं/थोक/आपूर्तिकर्ता /फुटकर विक्रेताओं के विरूद्ध सुसंगत नियमों के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही किये जाने हेतु भी निर्देषित किया गया। उक्त कार्ययोजना के तहत कृत कार्यवाही से आम जनमानस में विभाग के प्रति विष्वास की भावना उत्पन्न हो और मिलावट करने वाले लोगों को इस कार्य को करने में जोखिम महसूस हो। साथ ही म्ंज त्पहीज प्दपजपंजपअम के तहत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, उपायुक्त मुख्यालय, श्री जी0सी0 कण्डवाल द्वारा उक्त कार्यक्रम के तहत संचालित 108 थ्वैज।ब कार्यक्रम, 100 हाई रिस्क ऑडिट व हाईजिन रेटिंग आदि कार्य की प्रगति रिपोर्ट से आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औशधि प्रषासन को अवगत कराया गया। आयुक्त महोदय द्वारा ईट राईट इण्डिया अभियान के अन्तर्गत होटल/रेस्टोरेटों की जा रही 1000 हाईजिन रेटिंग को प्रतिश्ठानों में प्रदर्षित किये जाने साथ ही आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औशधि प्रषासन, उत्तराखण्ड द्वारा जनपदों में होने वाले 26 थ्ववक थ्वतजपपिबंजपवद कार्यषाला को मुख्यालय से निर्गत ए0ओ0पी0 के अनुसार किये जाने के निर्देष भी दिये गये। खाद्य सुरक्षा एवं औशधि प्रषासन राज्य के विभिन्न जनपदों में 40 ईट राईट कैम्पस, 26 ईट राईट स्कूल, 04 फ्रेस फ्रूट एवं वेजिटेबल मार्केट (देहरादून, हरिद्वार,नैनीताल एंव ऊधमसिंह नगर), यात्रा मार्ग पर एवं प्रमुख पर्यटक स्थलों पर 05 क्लीन स्ट्रीट फूड हब व मंदिरों में वितरित होने वाले प्रसाद की गुणवत्ता को सुनिष्चित किये जाने हेतु 16 प्रमुख तीर्थ स्थानों के प्रमाणिकरण की दषा में प्रयासरत है जिससे आम-जनमानस को सुरक्षित खाद्य उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त प्रदेष में 05 स्टेषनों जिनमें रेलवे स्टेषन हरिद्वार एवं रूड़की मुख्यतः सम्मिलित है में स्थित खाद्य प्रतिश्ठानों के ऑडिट एवं ट्रेनिंग के उपरान्त इनका एफ0एस0एस0ए0आई0 द्वारा ईट राईट स्टेषन के तहत प्रमाणिकरण किया जायेगा।

## संपादकीय



### बढ़ता तापमान

जलवायु परिवर्तन और धरती के बढ़ते तापमान के कारण अब जाड़े के मौसम की अवधि कम होती जा रही है. इससे सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में भारत भी है. इस वर्ष फरवरी 122 सालों में सर्वाधिक गरमा फरवरी रहा. वर्ष 1901, जब से तापमान के आंकड़े उपलब्ध हैं, से अब तक जो सबसे अधिक गर्म पांच फरवरी के महीने रहे हैं, वे सभी बीते 14 सालों के हैं. तापमान का राष्ट्रीय औसत ऊपर जाने में मुख्य कारक उत्तर-पश्चिमी भारत में गर्मी का बढ़ना है. उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में बीते एक दशक में अनेक बार फरवरी में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा चुका है. इसका तात्कालिक स्थानीय कारण इस इलाके में बारिश का अभाव है, लेकिन वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी का भी असर हो रहा है. देश में फरवरी में बारिश औसत से 68 प्रतिशत कम हुई, लेकिन उत्तर-पश्चिमी भारत में यह कमी 75 प्रतिशत रही. ठंड के दिनों में कमी होने से गर्मी का मौसम बहुत मुश्किल होता जा रहा है. इसका प्रभाव खेती पर भी पड़ रहा है और लोगों की कार्यक्षमता पर भी. संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी विश्व मौसम संगठन के अनुसार, 2022 हालिया इतिहास के सबसे गर्म वर्षों में एक है. पिछले आठ वर्षों से लगातार वैश्विक तापमान में पूर्व-औद्योगिक युग की तुलना में कम-से-कम एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है. अस्सी के दशक से हर दशक पिछले दशक की तुलना में अधिक गर्म रहा है. वैज्ञानिकों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु समझौतों तथा अध्ययनों के सुझावों पर सही ढंग से अमल शुरू नहीं होगा, तो तापमान वृद्धि इसी तरह जारी रहेगी. जहां तक भारत की बात है, तो उत्तर-पश्चिमी हिस्से में मार्च का महीना भी सामान्य से अधिक शुष्क और गर्म रहेगा. भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि देश के अधिकतर भागों में मार्च, अप्रैल और मई में ज्यादा गर्मी पड़ेगी और गर्म हवाएं चलेंगी. गर्मी के मौसम के जल्दी आने की आहट पाकर केंद्र सरकार ने मंत्रालयों की एक समिति गठित की है ताकि गेहूं की पैदावार पर मौसम के असर को रोका जा सके. उल्लेखनीय है कि पिछले साल अधिक तापमान के कारण गेहूं की उपज कम हुई थी. केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य संबंधी निर्देश भी जारी किये हैं, जिन पर अमल किया जाना चाहिए. एक चिंताजनक आकलन यह भी है कि जून, जुलाई और अगस्त के मानसून की अवधि में अल-नीनो का लगभग 50 प्रतिशत प्रभाव रह सकता है, पर अधिक सही आकलन अप्रैल में ही हो सकेगा. गर्मी और लू से बचाव के साथ-साथ पानी की उपलब्धता और वितरण को लेकर भी समुचित तैयारी जरूरी है.

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## मंत्री अग्रवाल ने की सडक़ और गूल निर्माण हेतु 15 लाख की घोषणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने साहबनगर ग्राम सभा में सडक़ों और गूल निर्माण के लिए 15 लाख रुपये विधायक निधि देने की घोषणा की है। साहब नगर स्थित पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पहले साहबनगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए लोगों को इंतजार रहता था। मगर, उनके विधायक बनने के बाद इन 15 वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों की सूरत बदली है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में राजनीति नहीं होनी चाहिए। प्रदेश को डबल इंजन की सरकार का भरपूर लाभ मिल रहा है। प्रदेश की युवा धामी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना से कार्य कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि साहबनगर में उनके अथक प्रयासों से बाढ़ सुरक्षा कार्य, जंगली जानवर से राहत को कार्य, पथ प्रकाश की व्यवस्था, सडक़ और पानी आदि मूलभूत सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कमी कभी आड़े नहीं आएगी। इस मौके पर भाजपा मंडल महामंत्री सुरेंद्र बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, ग्राम प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा, पूर्व क्षेपंस देवेंद्र सिंह नेगी, ग्राम प्रधान भगवान सिंह मेहर, समा पंवार, रोशन कुडियाल, सागर गिरी, अनिता राणा, अमर खत्री, ज्ञान सिंह कश्यप, शैलेन्द्र रांगड़, हरीश पैंयूली, रमेश नैथानी, आयुष रावत, जगदंबा बडोनी, अंबर गुरुंग, कैलाश रतूड़ी, संगीता खत्री, गीता रावत आदि उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षु जवानों ने लिया डिजास्टर मैनेजमेंट प्रशिक्षण

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ऋषिकेश। एसडीआरएफ वाहिनी मुख्यालय जौलीग्रांट में सिविल पुलिस, पीएसी और आईआरबी के 21 प्रशिक्षुओं ने 15 दिवसीय बेसिक डिजास्टर मैनेजमेंट का प्रशिक्षण लिया। समापन पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जवानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। 15 दिवसीय बेसिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को आपदा प्रबंधन की आधारभूत जानकारी दी गई। साथ ही आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य करने का अभ्यास कराया गया। बेसिक जानकारी में एसडीआरएफ द्वारा मेडिकल फर्स्ट रेस्पांडर, कॉलेप्स स्ट्रक्चर सर्च एंड रेस्क्यू, रोप रेस्क्यू इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार ने बताया कि सिविल पुलिस का कार्य क्षेत्र राज्य में व्यापक है। किसी घटना पर सबसे पहले सिविल पुलिस ही रेस्क्यू के लिए आगे आती है। इस दशा में यदि थाने का एक जवान भी प्रशिक्षित होगा तो क्षेत्र में घटित होने वाली किसी भी छोटी-बड़ी आपदा या दुर्घटना में त्वरित रिस्पांस के साथ अधिक से अधिक लोगों को बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण टीम में इंस्पेक्टर प्रमोद रावत, अपर उप निरीक्षक अनूप रमोला, हेड कांस्टेबल दीपक कुमार, उमेश भट्ट, कांस्टेबल सुरेश मलासी, जगदीश सिंह, यशवंत सिंह आदि रहे।

## त्रिपुरा और नागालैंड में जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

ऋषिकेश। भाजपा ने पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा और नागालैंड में विधानसभा चुनावों में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिलने पर जश्न मनाया। इस दौरान आतिशबाजी कर मिठाई बांटी गई। वित्तमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पीएम मोदी सबका साथ, सबका विकास की भावना से कार्य करते हैं। गुरुवार शाम को दून तिराहे में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल ने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा में भाजपा ने वापसी की है। जबकि नागालैंड में बीजेपी गठबंधन को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि दोनों ही राज्यों की जनता ने भाजपा सरकार के कार्यों को सराहा है। इस दौरान मिष्ठान वितरित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मण्डल अध्यक्ष सुमित पंवार, मेयर अनिता ममंगाई, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, जिला उपाध्यक्ष दिनेश सती, प्रतीक कालिया, गणेश रावत, पार्षद शिव कुमार गौतम, प्रदीप कोहली, पूर्व राज्यमंत्री कृष्ण कुमार सिंघल, जितेंद्र अग्रवाल, अजय गुप्ता, सौरभ गर्ग, शंभू पासवान, विनोद भट्ट, नेहा नेगी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सीओ ने किया रायवाला थाने का निरीक्षण

ऋषिकेश। पुलिस क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश दिनेश चंद्र ढौंढियाल ने गुरुवार को रायवाला थाने का अद्र्ध वार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाने का आगंतुक रजिस्टर मेंटेन नहीं होने पर नाराजगी जताई। अधीनस्थों को रजिस्टर मेंटेन करने और बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए सुझाव भी दिए। सीओ ने शस्त्रों का रखरखाव और रजिस्टरों व दस्तावेजों की व्यवस्था भी परखी। लंबित वादों की जानकारी ली। थाना परिसर में साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। आगंतुकों का रजिस्टर मेंटेन करने व ग्लास के दरवाजों की भी सफाई करने को कहा। मौके पर थानाध्यक्ष कुलदीप पंत, एसआई केएस रावत, एसआई ज्योतिर्मय उनियाल, एसआई दीपक ध्यानी, एसआई लक्ष्मी जोशी, एएसआई सोनिया टाकिया, प्रदीप कुमार, विनोद चौधरी, ललित, अनुराग पंकज आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरूवार को पूर्व सैनिक संगठन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष ललित कुमार सिंह ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल से पिथौरागढ़ जिले के पूर्व सैनिकों से संबंधित समस्याओं के संबंध में वार्ता की। उन्होंने बताया कि ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक पिथौरागढ़ में चिकित्सक के कई पद रिक्त हैं। उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में नियुक्त चिकित्सकों को अतिरिक्त मानदेय व्यवस्था के लिए अनुरोध किया जिससे चिकित्सक दुर्गम क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हों। इसके अलावा उन्होंने पिथौरागढ़ जिले में लम्बित सैन्य संग्रहालय और सैन्य सभागार के निर्माण का अनुरोध भी किया। अध्यक्ष ने सैन्य छावनी पिथौरागढ़ में पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों हेतु एक अलग से नई सीएसडी खोलने हेतु भी अनुरोध किया। राज्यपाल ने इन सभी बिंदुओं पर सेना के अधिकारियों सहित शासन के अधिकारियों से वार्ता कर समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का हर संभव समाधान का प्रयास किया जायेगा।



# भारत में बढ़ती महिला हिंसा और समाधान के रास्ते विषय पर हुआ कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के अवसर पर मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में भारत में बढ़ती महिला हिंसा और समाधान के रास्ते विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य वक्ता प्रो. हिमांशु बौड़ाई ने नारीवादी दृष्टिकोण के विकासक्रम तथा इसके वर्तमान पक्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्यों में प्रकृति प्रदत्त असमानताएं थी, लेकिन धीरे-धीरे समाज द्वारा उसमें नए तथ्यों को जोड़कर महिलाओं को कमजोर बना दिया। महिला हिंसा के समाधान के तौर पर उन्होंने कहा कि अब महिलाओं को हिंसा से बचाने के लिए रास्ते तलाशने के बजाय पुरुषों को हिंसा ना करने की सीख दी जानी चाहिए। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. राकेश नेगी ने महिलाओं की ऐतिहासिक सामाजिक स्थितियों पर दृष्टि डालते हुए सदियों से हो रही महिला हिंसा पर विस्तार से जानकारी दी। महिला हिंसा को खत्म करने के लिए डॉ. नेगी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की बात कही। बेस अस्पताल श्रीनगर के मनो वैज्ञानिक डॉ. मोहित सैनी ने समाज के मनो वैज्ञानिक पक्ष को रखते हुए कहा कि प्राकृतिक रूप से महिला और पुरुषों में बहुत अंतर नहीं होता है। लेकिन सामाजिक ताने-बाने ने इस अंतर को बढ़ा दिया है। हमें सामाजिक तौर पर यह स्वीकार करने की आवश्यकता है कि महिला हिंसा की समस्या सामाजिक व सांस्कृतिक समस्या है। जिसे इस रूप में ही खत्म किया जा सकता है। विवि के अधिष्ठाता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर द्वारा किए गए संविधान में महिलाओं की बराबरी के प्रयासों के योगदान को याद रखा जाना चाहिए। डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि समाज का ताना-बाना पुरुषों को आगे बढ़ाने में सहायक है। जबकि महिलाओं के लिए समाज इतना सहायक नहीं होता है। संचालन डॉ. शिवानी पांडेय ने किया। मौके पर डॉ. सुभाष लाल, छात्र संघ उपाध्यक्ष रोबिन सिंह, शैलजा, आयुषी थलवाल, देवेंद्र सिंह, लूसी तथा एनएसएस के स्वयं सेवी मौजूद रहे।

## समस्याओं का समाधान नहीं होने पर भड़का मंच

कोटद्वार। नागरिक मंच की मासिक बैठक में शहर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का अब तक समाधान न होने पर रोष व्यक्त किया गया और शासन प्रशासन से इन समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई। व्यापार मंडल सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लालढ़ांग-चिलरखाल मोटर मार्ग पर निर्माण कार्य लंबे समय से रूका हुआ है, वहीं पाखरौ सफारी योजना को भी बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन दोनों मामलों में प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में सबल पैरवी नहीं कर पा रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। रेल सेवा विस्तार के लिए गढ़वाल सांसद ने लोक सभा में चर्चा अवश्य की, लेकिन उसका परिणाम अभी तक नजर नहीं आया है। इसके अलावा सदस्यों ने बेस अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग कर दर होने पर भी चिंता व्यक्त की। मौके पर आडिटोरियम के खाली पड़े कमरों में सार्वजनिक पुस्तकालय संचालित करने की मांग भी की गई। बैठक में अध्यक्ष सी पी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट, गोविंद डंडरियाल, रमेश कोठारी, हर्षवद्र्धन ध्यानी, देवव्रत काला, पूरण सिंह रावत, दिनेश जुयाल, वी वी जोशी, राकेश लखेड़ा और शंकरदत्त गौड़ आदि थे।

## जनता दरबार मे विधायक पुंडीर ने सुनी जनता की समस्याएं

विकासनगर। सहसपुर क्षेत्र के सुद्धोवाला में गुरुवार को जनता दरबार आयोजित किया गया। विधायक सहदेव पुंडीर ने अलग गांवों और कस्बों से आई जनता की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दरबार में अधिकांश समस्याएं सडक, पेयजल, सिंचाई, स्वास्थ्य आदि से संबंधित रखी गई। विधायक के कैंप कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में लक्ष्मीपुर, ठाकुरपुर के ग्रामीणों ने बताया कि उनकी कृषि भूमि पांवटा साहिब-बल्लूपुर फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग के दायरे में आ रही है। अधिग्रहीत की जाने वाली जमीन को प्रशासन की ओर से चिह्नीत की जा चुकी है। कई ग्रामीणों की आधी से अधिक खेती की जमीन एनएच की जद में आ रही है, जिससे उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। लिहाजा प्रभावित ग्रामीणों को उचित दर से मुआवजा समय से मुहैया कराया जाना चाहिए, जिससे कि रोजगार के कुछ साधन विकसित किए जा सके। ग्रामीणों ने कहा कि अक्सर भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के बाद मुआवजे के भुगतान में लेटलतीफी की जाती है। जिससे प्रभावित ग्रामीणों के सामने संकट पैदा हो जाता है।

# कृषक सेमीनार मे किया ग्रामीण किसानों को जैविक खेती और बागवानी को जागरूक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

विकासनगर। लोक पंचायत की ओर से खत समाल्टा की इछला पंचायत के फटेऊ मजरे में गुरुवार को कृषक सेमीनार आयोजित किया गया। सेमीनार में ग्रामीण किसानों को जैविक खेती और बागवानी के लिए जागरूक किया गया। प्रगतिशील किसान पद्म श्री प्रेमचंद शर्मा किसानों को बताया कि अन्न का कोई विकल्प नहीं है और अन्न उगाने का कार्य किसानों को ही करना है। दुनिया में हर वस्तु का निर्माण किया जा सकता है, लेकिन अन्न की पैदावार खेतीबाड़ी से ही होगी। उन्होंने कहा कि अधिक उत्पादन के लिए जरूरी है कि उन्नत किस्म के बीज रोपित किए जाएं। बताया कि वर्तमान दौर विज्ञान और तकनीकी का दौर है, खेती में भी नई तकनीक का प्रयोग किया जाना जरूरी है, लेकिन नई तकनीक जैविक खेती के लिए अपनाई जाए तो इसका दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। कहा कि गाजर घास से तैयार की जाने वाली तरल खाद सबसे अधिक उपयोगी साबित होती है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली औद्यानिकी एवं वानिकी विश्व विद्यालय के शोध निदेशक डॉ. अनमोल विशिष्ठ ने किसानों को बताया कि कृषि का परंपरागत तरीका अब बदल चुका है, कृषकों को आधुनिक तकनीक का उपयोग करना जरूरी है, जिससे अच्छी फसलों का पैदावार हो सके। विश्व विद्यालय के निदेशक शिक्षा डॉ. अरविंद कुमार बिजल्वाण ने कहा कि जौनसार बावर क्षेत्र में बागवानी, पशुपालन, इको टूरिज्म की अत्यंत संभावना है। पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से भी जौनसार बावर क्षेत्र कृषि के लिए उपयुक्त है। लिहाजा यहां हर प्रकार की फसलों का उत्पादन हर मौसम में किया जा सकता है। सेमीनार में किसानों को कृषि के क्षेत्र में हो रहे नए नए प्रयोगों और भरसार विश्व विद्यालय की ओर से ग्रामीण किसानों के लिए तैयार किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान सुनील सिंह, केएस चौहान, भारत चौहान, चतर सिंह, प्रेम सिंह, केशर सिंह, विक्रम सिंह, चंदन सिंह, आनंद सिंह, गोपाल सिंह, सचिन बारू, दौलत सिंह, जवाहर सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### खनिज भंडारण पर रोक लगाने की मांग की

श्रीनगर गढ़वाल। तहसील श्रीनगर के अंतर्गत कालीगढ़ के पास रेलवे परियोजना में लगी निर्माणदायी कंपनी द्वारा खनिज भंडारण किए जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खनिज भंडारण की अनुमति नहीं दिए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी श्रीनगर अजयवीर सिंह को दिए ज्ञापन में ग्राम प्रधान कलियासौड़ सावित्री देवी, विनोद सिंह, कमल सिंह, लक्ष्मी देवी, पदमेंद्र सिंह ने कहा कि कलियासौड़ के पास रेलवे निर्माण में लगी कंपनी द्वारा बगवान लगा चोपड़ा (कालीगढ़) के पास खनिज भंडारण किए जाने की योजना है। कहा कि उसी के कुछ दूरी पर प्राथमिक विद्यालय और राइंका दिखोल्यूं स्कूल स्थित है। खनिज भंडारण होने से कृषि भूमि, धूल मिट्टी उडने और ध्वनि प्रदूषण होने के चलते छात्रों के पठन-पाठन में समस्या उत्पन्न होगी साथ ही कृषि भूमि को भी नुकसान पहुंचेगा उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए बिना जनसुनवाई के इस क्षेत्र की भूमि को खनिज भंडारण के अनुमति न देते हुए खनिज भंडारण पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि मांग पर जल्द अमल नहीं होता है तो ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगें। मांग करने वालों में बुद्धि सिंह, प्रेम सिंह, पुष्पा नेगी, जगदम्बा प्रसाद उनियाल, आशा देवी, जसपाल आदि शामिल है।

### 8 अप्रैल को गढ़वाल विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा 8 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसके लिए तीन मार्च से ऑनलाइन आवेदन फार्म भरे जाएंगे। फार्म भरने की अंतिम तिथि 25 मार्च निर्धारित की गई है। एक अप्रैल से अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. एनएस पंवार ने इसका नोटिफिकेशन जारी किया है। अधिक जानकारी छात्र विवि की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

### महिलाओं ने डीएम को बताई समस्याएं

पौड़ी। पौड़ी गांव के मकानों में गंदा पानी घुसने से परेशान महिलाओं ने डीएम से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि गंदे पानी से बीमारी बढने का खतरा बना हुआ है। वहीं, डीएम ने मामले की नगर पालिका के ईओ, एसडीएम पौड़ी व जलसंस्थान से जांच करते हुए एक हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दएि हैं। गुरुवार को पौड़ी गांव की महिलाओं ने डीएम से मुलाकात की। इस दौरान महिलाओं ने डीएम डा. आशीष चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पौड़ी गांव में पुलिस लाइन, विकास मार्ग व बस अड्डे का गंदा पानी आ रहा है और गंदा पानी उनके घरों में घुस रहा है। जिस वजह लोगों का जीना मुहाल हो गया। गंदे पानी के जमा होने से संक्रामक बीमारी का भी खतरा बना हुआ। कहा कि इस समस्या को लेकर नगर पालिका को भी अवगत कराया चुका है लेकिन नगर पालिका इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने डीएम से शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। इस दौरान महिलाओं ने डीएम से गांधी मैदान में अनाधिकृत वाहनों के खड़े होने का मामला भी उठाया। कहा कि यह मैदान बच्चों के खेलकूद के लिए था लेकिन यहां पर वाहन खड़े होने से वे खेलने से वंचित हो रहे हैं। वहीं, डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि गंदे पानी के मामले में उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, एसडीएम पौड़ी और जलसंस्थान से जांच आख्या मांगी है। एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दएि हैं। आश्वासन दिया कि समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में कमला नेगी, देवेश्वरी, बसंती, कांती, मंजू, अनिता, सुलोचना, दीपा, कुंती देवी आद शिामिल थे।

### रसोई गैस के दाम बढ़ने पर कांग्रेस का प्रदर्शन

पौड़ी। रसोई गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन कर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। गुरुवार को पौड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पौड़ी में कांग्रेसियों ने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी कर रही है जिससे आम लोगों को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि कांग्रेस के समय में जो गैस सिलेंडर 465 का था वह आज 1150 से भी ज्यादा का हो गया है। सरकार द्वारा वाणिज्यक सिलेन्डर में भी 350 की भारी बढ़ोतरी की गई है। जिससे आम लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रदर्शन करने वालों में श्रीकांत, वीर प्रताप, भरत सिंह, युद्धवीर सिंह, उपेंद्र, रेखा भंडारी, भगवती देवी, भूपेंद्र टम्टा आदि शामिल थे।

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर : बिष्ट

पौड़ी। विकासखंड बीरोंखाल मुख्यालय में कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश बिष्ट ने कार्यकर्ताओं को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा की गलत कुटनीतियों को आम लोगों पहुंचने को कहा है। कांग्रेस कमेटी बीरोंखाल में आयोजित बैठक में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में बोलते अध्यक्ष जगदीश बिष्ट ने सभी कार्यकर्ता को लोकसभा चुनावों के लिए अभी से भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नाकामियों को आम लोगों तक पहुंचाने का काम कार्यकर्ता करें। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद नेगी ने राज्य सरकार में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच गए हैं जनता आने वाले लोकसभा चुनावों में इन्हें करारा जबाव देगी। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना सादते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर महीने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी कर रही है जिसके कारण आम लोगों का घर की बजट गड़बड़ा जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख राजेश कंडारी, डॉ. जेएस नेगी, अनुसूचित जिलाध्क्ष कांता, बचन सिहं नेगी, महिपाल शाह, हेमराज प्रियव्रत, विजय कुमार पुरी, बलबीर रावत, गंगा प्रसाद, बिष्णु रावत आदि थे। संचालन नंद किशोर नौटियाल ने किया।

### शहीद के नाम पर हो सडक़ का नाम

पौड़ी। जिले के कोला गांव के मूल निवासी और वर्तमान में सहसपुर विधानसभा क्षेत्र निवासी शहीद अमित कुमार अणथ्वाल के परिजनों ने सहसपुर विधायक से मुलाकात करते हुए देहरादून के भाववाला चौक से शहीद अमित कुमार अणथ्वाल के आवास तक शहीद के सम्मान में सडक़ का नाम करने की मांग की है। गुरुवार को शहीद की मां भगवती देवी अणथ्वाल ने सहसपुर विधानसभा के विधायक सहदेव पुंडीर से मुलाकात की। इस दौरान उनकी माता ने विधायक को बताया कि 4-5 अप्रैल 2020 को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। कहा कि वह हमारा इकलौता पुत्र था। कहा कि अमित की शहादत पर पूरे क्षेत्र को गर्व है और इस मार्ग का नाम अमित के नाम से रखने पर गौरव की अनुभूति करेंगे।